अमर उजाला 09/09/2023

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में दिखाए हुनर

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में और सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ राजेंद्र देशवाल की देख-रेख में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के साथ अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में पेंटिंग, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग, स्पीच, कविता आदि सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं।

खोज प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्राध्यापक व विद्यार्थी। संस्था

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अश्वनीत सिंह, द्वितीय मनोरमा और तृतीय शुभम रहे। कविता पाठ में प्रीति, शुभम और पलक, प्रश्नोत्तरी में प्रथम शपित शर्मा, हितैषी व वंशम, द्वितीय टीम में जितेन्द्र, लक्ष्य, बृजेश और तृतीय टीम में वंश, अभिलव और तनवीर सिंह रहे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में गरिमा, प्रीति और अर्जुन ने बाजी मारी तथा सांत्वना पुरस्कार अनिशा को मिला। मिमिक्री में एकता प्रथम, मोनो एक्टिंग में शुभम प्रथम, द्वितीय मानसी और तृतीय अनीशा रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका में वरिष्ठ प्राध्यापकों सहित नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।